# झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, पारा 4 डिग्री लुढ़का

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** चंबल क्षेत्र में बने निम्न दबाव के चलते मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित पूरे अंचल में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मुरैना जिला मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे से छाए बादलों से बिजली की तेज गड़गड़ाहट से पूरा शहर कांप उठा। ऐसा लग रहा था मानो आकाशीय बिजली तहस-नहस कर देगी। दोपहर 2.15 बजे से तेज बारिश शुरू हुई, जो 3 बजकर 10 मिनट तक चली। इस दौरान हुई बारिश से शहर के मुख्य बाजार, बैरियर, बस स्टैंड सहित निचली बस्तियों में पानी भर गया। वहीं कैलारस, जौरा, पहाड़गढ़, रामपुरकलां, अंबाह-पोरसा में भी तेज बारिश से खेत-खलिहानों में बारिश का पानी भर गया।

**बारिश से मौसम हुआ ठंडा, दिन का पारा 2 डिग्री लुढ़का :** मंगलवार को मुरैना सहित पूरे अंचल में हुई एक घंटे से अधिक झमाझम बारिश से मौसम ठंडा हो गया। पिछले 15 दिनों से तेज गर्मी से जूझ रहे लोगों को बहुत हद तक राहत मिली। बारिश के चलते दोपहर 2 बजे दिन का तापमान 30 डिग्री पर आ गया हैए जो 24 घंटे में 4 डिग्री कम है। वहीं रात का तापमान एक डिग्री लुढ़ककर 24 पर आ गया।

**सिकरवारी में खेतों में कटने से पहले ही बाजरा फसल भीगी :** सिकरवारी क्षेत्र के गांवों में ग्रामीणों का बाजरा खेत में पककर खड़ा हुआ था। मंगलवार को ग्रामीणजन इस बाजरा को काटने के लिए पहुंचे लेकिन तेज बारिश शुरू हो गई। किसानों ने बताया कि वह बाजरा की एक बाली भी नहीं काट सके और खेतों में पानी भरने से पूरा बाजरा पानी में भीग गया।

**जानिए, अंचल में कहां-कहां हुई बारिश**

- पोरसा में दोपहर 1.30 बजे से बारिश शुरू हुई जो एक से सवा घंटे तक चली। इस दौरान कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया।
- कैलारस कस्बे में दोपहर 2.15 बजे से तेज बारिश शुरू हुई जो आधा घंटे तक चली। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बारिश से खेतों में नमी आ गई।
- रामपुरकलां क्षेत्र में दोपहर 2.30 बजे से आधा घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बार हल्की फुहारें गिरने लगीं, जो शाम 5 बजे तक जारी रहीं।



## रामपुरकलां में आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलसी, किसान की करब जली

रामपुरकलां कस्बे के गैतन मोहल्ला में रहने वाली 30 वर्षीय महिला कविता धाकड़ पत्नी चंद्रपाल धाकड़ दोपहर 2 बजे अपने खेतों पर गई थी। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए कविता जैसे ही पेड़ के नीचे खड़ी हुई, आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी। जिससे पेड़ बुरी तरह से जल गया और कविता भी झुलस गए। परिजन उसे इलाज के लिए लेकर सीधे सबलगढ़ सिविल हॉस्पिटल गए हैं। इधर रामपुरकलां कस्बे में ही रहने वाले किसान रामरतन जाटव की 2 बीघा खेत से काटकर लाई गई करब रखी हुई थी। दोपहर में बारिश से पूर्व आकाशीय बिजली गिरने से पूरी करब जलकर नष्ट हो गई।

# कै. सिंधिया के लिए राजनीति सदैव जनसेवा का माध्यम रही

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** कैलाशवासी माधवराव सिंधिया ने राजनीति को कभी सत्ता का साधन नहीं माना, वे राजनीति को सदैव जनसेवा का माध्यम मानते थे। भारत की राजनीति में बतौर जनसेवक उनकी पहचान अमिट है। वे जनसेवा की एक सच्ची मिसाल थे। उनका समर्पण, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता अद्वितीय थी। ग्वालियर-चंबल अंचल में कै. सिंधिया को विकास के प्रणेता के रूप में सदैव पहचाना जाएगा।

**पुण्यतिथि पर जौरा क्षेत्र के जनसेवक हरेन्द्र त्यागी ने किया नमन, बांटी अन्नकूट प्रसादी**

यह विचार जौरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता हरेन्द्र त्यागी ने व्यक्त किए। श्री त्यागी, मंगलवार को कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे।

इस सभा का आयोजन कैलारस नगर में गोयल रेस्टॉरेंट के सामने किया गया। पुष्पांजलि सभा में श्री त्यागी सहित अन्य भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कै. माधवराव सिंधिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुष्पांजलि सभा में श्री त्यागी सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कै. सिंधिया के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए जनसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर नगर के गणमान्य नागरिक, युवा, व्यापारियों सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# गौमाता को मप्र में राज्य माता घोषित किया जाए



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** गाय को मध्यप्रदेश में राज्यमाता घोषित किए जाने की मांग को लेकर गौसेवकों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले गौसेवकों ने स्थानीय नेहरू पार्क से न्यू कलेक्ट्रेट भवन तक रैली भी निकाली।

बीते छह दिनों से गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह के नेतृत्व में गौसेवकों द्वारा गाय को राज्यमाता घोषित किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर नेहरू पार्क पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह 11 बजे गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह, तपसी बाबा गुफा मंदिर के महंत महामंडलेश्वर शिवशरणदास महाराज के नेतृत्व में गौसेवकों ने नेहरू पार्क से रैली निकाली। जो एमएस रोड से होकर बैरियर चौराहा और वहां से न्यू कलेक्ट्रेट भवन पहुंचीं। जहां गौसेवकों ने प्रदर्शन करने के बाद ज्ञापन दिया।

**गौसेवकों ने मांग को लेकर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**

इस ज्ञापन में गाय को राज्यमाता घोषित किए जाने, सरकार में पृथक गौ मंत्रालय की स्थापना किए जाने, गाय को गौमाता और गौवंश को नंदीबाबा के नाम के अलावा किसी नाम से संबोधित करना दंडनीय घोषित करने, गौ हत्यारों को मृत्यु दंड, शासन स्तर पर गोबर की खरीदी किए जाने, जैविक कृषि को प्राथमिकता दिए जाने सहित अन्य मांगों का उल्लेख किया गया है। रैली एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान सैकड़ों की संख्या में गौसेवक उपस्थित थे।

# बाबा बागेश्वरधाम के आगमन को लेकर समन्वय बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 30 सितंबर ।** बाबा बागेश्वरधाम पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री 3 अक्टूबर को जौरा आएगें। उनके आगमन की तैयारियों के सिलसिले में समन्वय बैठक का आयोजन मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर हुआ। इस बैठक में व्यवस्थाओं की रूपरेखा, दायित्वों के वितरण और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में नपा जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, मनकामेश्वर महादेव मंदिर लोक न्यास के सचिव दीपक सिंघल, बैठक के संयोजक सुनील सिंघल, पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार, आशुतोष माहेश्वरी, अतुल माहेश्वरी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनमें गायत्री परिवार से रुद्रेष गौड़, मनीष त्यागी, उर्मिला त्यागी, बीएमओ डॉ. आरएस सैमिल, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के दीपक अग्रवाल व दिलीप जैन प्रमुख थे। यहां बताना होगा कि जौरा में इस आध्यात्मिक महाकुंभ का आयोजन ओमश्री मंशापूर्ण मनकामेश्वर महादेव मंदिर लोक न्यास एवं माहेश्वरी परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है।

**कलेक्टर व एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण**

**कलेक्टर-एसपी ने देखीं तैयारियां, दिए जरूरी निर्देश :** पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अंकित अस्थाना एवं एसपी समीर सौरभ मंगलवार को जौरा पहुंचें। उनके साथ एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, एसडीओपी नितिन बघेल, तहसीलदार कल्पना कुशवाह भी थे। अधिकारियों ने आयोजन स्थल कृषि मंडी प्रांगण सहित पगारा रोड, सांदीपनि स्कूल, कैलारस-सबलगढ़ मार्ग पर बनाए गए पार्किंग स्थलों के साथ भोजन वितरण क्षेत्र और हैलिपैड स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा यातायात नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंध, श्रद्धालुओं की आवाजाही, पार्किंग, चिकित्सा एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## एक नजर में



### जिपं सीईओ ने किया आर्म्स रेस्लर निरंजन सिंह का सम्मान

**मुरैना, 30 सितंबर ।** 46वीं विश्व पैरा आर्म रेस्लिंग चेम्पियनशिप में 65 देशों में निरंजन सिंह ने भारत का नाम रोशन किया है। निरंजन सिंह को जो सम्मान प्राप्त हुआ, उसे उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव को सौंपा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव ने विश्व पैरा आर्म रेस्लिंग में भारत का नाम रोशन करने वाले निरंजन सिंह को सम्मानित किया।

### आज वृद्धजन दिवस पर होगा बुजुर्गों का सम्मान

**मुरैना, 30 सितंबर ।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर को वृद्धाश्रम मुरैना में मनाया जायेगा। सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा ने बताया कि वृद्धजन दिवस वृद्धाश्रम में दोपहर 12 बजे सतायु वर्ष के वृद्धजनों का सम्मान किया जायेगा।



### 10 हेक्टेयर भूमि को वन अमले ने कराया कब्जा मुक्त

**मुरैना, 30 सितंबर ।** बीते कई सालों से दिमनी बीट के अंतर्गत अतिक्रमण कर खेती की जा रही वनविभाग की जमीन को वनविभाग की टीम ने मंगलवार को कब्जा से मुक्त कराया। वनमंडलाधिकारी मुरैना सुजीत जे पाटिल के निर्देशन में उप वनमंडल अधिकारी माधु सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी मुरैना श्रीमती श्वेता त्रिपाठी, गेम रेंज देवरी एवं अंबाह के संयुक्त स्टाफ ने मंगलवार को दिमनी बीट के कक्ष क्रं. 14 में करीब 10 हेक्टेयर वनभूमि को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई की। पांच जेसीबी मशीनों की मदद से वन क्षेत्र में गड्ढे खुदवाए गए। कब्जा मुक्त कराई गई इस वनभूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कई वर्षों से कब्जा कर खेती की जा रही थी।



### जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 102 लोगों की सुनी समस्याएं

**मुरैना, 30 सितंबर ।** जिला मुख्यालय पर 30 सितम्बर मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव ने 102 आवेदनकर्ताओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाहए डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकेश कुमार होंगे मुरैना के नए कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** करीब तीन साल तक बतौर जिलाधीश मुरैना में सेवाएं दे चुके कलेक्टर अंकित अस्थाना का राज्य शासन ने स्थानांतरण कर दिया है। उनकी जगह अब निवाड़ी के कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ को मुरैना जिले का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं मुरैना के वर्तमान कलेक्टर अंकित अस्थाना को राज्य शासन में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा अपर प्रबंध संचालक, मप्र स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन का उप सचिव बनाया गया है। मंगलवार 30 सितंबर को मप्र शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा जारी की गई स्थानांतरण सूची में कुल 24 आईएएस अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है।

**अंकित अस्थाना का हुआ भोपाल स्थानांतरण**

# कैलारस में नवरात्र महोत्सव की धूम, हुआ गरबा-डांडिया

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 30 सितंबर ।** कस्बा कैलारस मे शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। इन झांकियों में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है। वहीं मां दुर्गा के पांडालों में युवतियों एवं महिलाओं द्वारा गरबा व डांडिया आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

नगर के अंबेडकर मार्ग पर सजाए गए पाण्डाल में प्रतिदिन राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व पर आधारित झांकियां लगाई जा रहीं हैं। दीनदयाल मार्ग पर मां दुर्गा पांडाल में बीते रोज अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। प्रताप मार्ग फल मंडी वाली गली में मां वैष्णोदेवी भक्त मंडल द्वारा लगाई गई भव्य झांकी में सोमवार को महिलाओं एवं बालिकाओं ने गरबा-डांडिया की प्रस्तुति दी। गरबा डांडिया में युवतियों द्वारा ढोल बाजे, ढोल बाजे ढोल...एवं ओ शेरावाली बिगड़ी बना दे मेरे काम...गीत पर गरबा नृत्य किया गया। आकर्षक व पारंपरिक परिधान पहनकर महिलाओं और युवतियों के साथ बालिकाओं ने डांडिया किया। गरबा-डांडिया नृत्य को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचें थे। गरबा में इशिका गोयनर, पलक अग्रवाल, पलक गोयल, महक गर्ग, गुनगुन मंगल, गुन्नी सिंहल, इच्छा बंसल ने शानदार प्रदर्शन किया।



# ड्यूटी से घर लौट रहे शासकीय शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे शासकीय शिक्षक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दिमनी थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम को सिरमिती गांव के पास होना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सिहौनिया क्षेत्र के मानपुर रजपूती गांव में रहने वाले शासकीय शिक्षक अमरजीत बघेल 50 पुत्र विशनलाल बघेल सोमवार को शासकीय कार्य के संबंध में मुरैना आए हुए थे। विभागीय कार्य को निपटाने के बाद सोमवार की शाम अमरजीत बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब वे दिमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरमिती गांव के पास से गुजर रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अमरजीत बाइक से सड़क पर गिरे और अचेत हो गए। जख्मी हालत में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।



**दिमनी क्षेत्र में सिरमिती गांव के पास हुआ हादसा**

# आरओबी पर खराब हुआ लोडेड ट्रक, दिनभर रहा जाम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 30 सितंबर ।** मुख्य शहर को फाटक बाहर इलाके से जोड़ने वाले रेलवे ओव्हर ब्रिज से मंगलवार की तड़के गुजर रहा एक ओवरलोडेड ट्रक तकनीकी खराबी आने से खड़ा रह गया। इस ट्रक के खड़े रहने से शहर के ओव्हरब्रिज चौराहे पर दिनभर जाम के हालात बने रहे।

मंगलवार तड़के करीब 4 बजे लोडेड ट्रक क्रं. एमपी06-एचसी-8571 बैरियर चौराहे से एमएस रोड होकर अंबाह की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब ट्रक रेलवे ओव्हर ब्रिज पर पहुंचा तो उसका डीजल फिल्टर खराब हो गया। जिसकी वजह से ट्रक पुल के बीचोंबीच खड़ा रह गया। आरओबी पर एक साइड में ट्रक के खड़े रहने से वहां से गुजरने वाले वाहनों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। दिन चढ़ने के साथ जब आरओबी पर ट्रैफिक का लोड बढ़ने लगा, तो ओव्हरब्रिज चौराहे पर जाम के हालात बन गए। मंगलवार को दुर्गाष्टमी के कारण बड़ोखर माता मंदिर एवं बसैया माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी शहर से इसी मार्ग से होकर गुजर रहे थे, जिसकी वजह से दिनभर चक्काजाम के हालात बने रहे।





# चैकअप के बाद बालिकाओं को प्रदान किए हेल्थ कार्ड

### मयूरवन आनंद क्लब द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**मुरैना, 30 सितंबर ।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत राज्य आनंद संस्थान से सम्बद्ध मयूरवन आनंद क्लब मुरैना के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में जिला चिकित्सालय की चिकित्सक डॉ. मोना चतुर्वेदी ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें हेल्थ कार्ड प्रदान किए। शिविर के आयोजन में राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर डॉ. क्षमा कौशिक, नीतू भारद्वाज, सरिता उपाध्याय, पूजा सिकरवार, राधा तोमर, लक्ष्मी भदौरिया सहित क्लब के पदाधिकारी एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# प्लॉट पर जबरन कब्जे को लेकर कट्टे से फायरिंग, धमकी

### सिविल लाईन क्षेत्र में आरटीओ चेकपोस्ट के पास हुई घटना

**मुरैना, 30 सितंबर ।** एनएच-44 हाईवे किनारे आरटीओ चेकपोस्ट के पास स्थित प्लॉट पर जबरन कब्जे को लेकर दबंग पिता-पुत्र ने भू-स्वामी पर कट्टे से फायरिंग कर डाली। जिससे उसका जीवन संकट में पड़ गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में फरियादी प्रमोद 23 पुत्र रामअख्तयार निगम नि. सागौरिया का पुरा देवरी ने बताया कि 30 सितंबर की सुबह 11 बजे वह अपने पिता रामअख्तयार और ताऊ महेन्द्र सिंह के साथ अपने प्लॉट पर काम करवा रहा था। तभी ग्राम निबी में रहने वाला मनुआ कंषाना और उसका पुत्र वहां पहुंच गए। उन्होंने प्रमोद सहित उसके पिता-ताऊ को जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया और प्लॉट को अपना बताते हुए उन्हें वहां से भागने को कहा। जब प्रमोद ने उनका विरोध किया तो मनुआ ने कट्टे से हवाई फायर ठोक दिया। फायरिंग के बाद मनुआ और उसका पुत्र जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने आरोपी मनुआ कंषाना और उसके पुत्र के विरुद्ध फायरिंग सहित एससी, एसटी एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।



### अधिकारी ब्लेक में बेच रहे हैं खाद किसानों का आरोप

**सबलगढ़ ।** किसानों को अपनी फसल की बुआई के लिए खाद के एक कट्टे के लिए टोकन लेने के लिए सुबह चार बजे से पुलिस थाने में लाइन में लगना पड़ता है जिसमें पुरुषों के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी टोकन लेने आती हैं । किसानों को अपनी सरसों की फसल की बुआई के लिए खाद की जरूरत है परन्तु सबलगढ़ में प्रशासन किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहा है । सुबह किसानों के बीच पुलिस थाने में कांग्रेस नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह रावत पहुंचे और कृषि विभाग के एस ए डी ओ को फोन लगाया तब जाकर 8.15 पर एस ए डी ओ ओर पटवारी भानु सिंह थाने पहुंचे उसके बाद कांग्रेस नेता कमल सिंह रावत ने अपने सामने किसानों को टोकन बट बाएं आज टोकन मिलने के बाद किसानों को तीन दिन बाद खाद के कट्टे मिलेंगे कमल सिंह रावत ने कहा कि अधिकारी जानबूझकर खाद के लिए किसानों को परेशान कर रहे हैं एक आदमी का दो दिन खाद की लाइन में खड़े होकर जब एक कट्टा उसको खाद मिलता है इस हिसाब से दो दिन की एक किसान की मजदूरी एक हजार रुपए हो गई।